SYBA Sem IV Hindi III

M-15

समय: ढाई घंटे N03ABO पूर्णांक: ७५

प्रश्न १ निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:- १६

अ) " ....उस दिन हम सब रोए थे और आज कैसी अनोखी बात है।एक बिल्कुल दूसरे ही माहौल में उनको देख रहा हूँ । उन्होंने कहा था हम दोस्त हैं ।"

अथवा

" बुलाकीदास हम तस्वीर बना कर प्रदर्शनी में भेजेंगे। और आपकी उस तस्वीर में आपकी नाक का होना न होना हमारे इस मकान में रहने या इस मकान से जाने पर निर्भर है।"

आ) "क्या शहर की यही संस्कृति होती है?यह तो जंगल की संस्कृति है कि जब सिह किसी जानवर पर हमला बोलता है तो शेष जानवर वहाँ से भाग जाते हैं ।"

अथवा

" ठाकुरबारी में साधू-संतों का प्रवचन सुन और ठाकुरजी का दर्शन कर वे अपना यह जीवन सार्थक मानने लगते हैं ।उन्हें यह महसूस होता है कि ठाकुरबारी में प्रवेश करते ही वे पवित्र हो जाते हैं । उनके पिछले सारे पाप अपने आप ख़त्म हो जाते हैं।"

प्र २ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ३०

अ) वापसी एकांकी की कथावस्तु सक्षेप में लिखिए।

अथवा

'दो कलाकार' एकांकी के जीवन- दर्शन पर प्रकाश डालिए।

आ) 'हरिहर काका' कहानी के उद्देश्य की चर्चा कीजिए।

अथवा

'सावित्री दीदी' भारतीय स्त्री की दुखभरी दास्ताँ बयान करती है-इस मत की पुष्टि कीजिए।

प्र ३ निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर लिखिए :- ०९

दो कलाकार' एकांकी की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

अथवा

जंगल होते शहर' कहानी अमानवीयता की पराकाष्ठा है - इस मत की पुष्टि कीजिए।

पीछे देखिए....

N03ABO

प्र ४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- १०

अ) भोलानाथ का व्यक्तित्व

अथवा

वापसी एकांकी का 'असगर '

आ) 'जंगल होते शहर 'कहानी के सिन्हा बाबू

अथवा

'थोड़ी देर बाद'कहानी के लड़का- लड़की

प्र ५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- १०

१) लक्ष्मी नारायाण लाल की एकांकी का नाम बताइए

२) वापसी एकांकी किसने लिखी?

३) जोंक किसे कहते हैं ?

४) 'अश्क' जी का जन्म कहाँ हुआ ?

५) हरिकृष्ण प्रेमी का जन्म कब हुआ ?

६) हरिहर काका कहानी के नायक का नाम बताइए।

७) जी का जंजाल कौन बनी हैं ?

८) जंगल होते शहर' कहानी के मुख्य पात्र का नाम क्या है ?

९) सावित्री दीदी की बहन का नाम बताइए ।

१०)थोड़ी देर बाद' कहानी के किन्ही दो पात्रों के नाम लिखिए।